தக்ஷின் ராஜஸ்தானி போஸ்ட்

# दक्षिण राजस्थानी पोस्ट

राजस्थानी एसोसिएशन तमिलनाडु की संवाहक पत्रिका



जनवरी 2024

# राजस्थानी एसोसिएशन तमिलनाडु


## पदाधिकारीगण 2023–2024

**अध्यक्ष**
मोहनलाल एन. बजाज

**मनोनीत अध्यक्ष**
प्रवीण कुमार टाटिया

**उपाध्यक्ष**
नरेन्द्र श्रीश्रीमाल
अजीतकुमार चोरड़िया
ज्ञानचंद आंचलिया
विजय गोयल

**महामंत्री**
देवराज आच्छा

**सहमंत्री**
अजय कुमार नाहर
ज्ञानचंद कोठारी
जगदीश प्रसाद पोरवाल

**कोषाध्यक्ष**
गौतमचंद डागा

**सह-कोषाध्यक्ष**
अशोक कुमार लखोटिया



# दक्षिण राजस्थानी पोस्ट

राजस्थानी एसोसिएशन तमिलनाडु की संवाहक पत्रिका

वर्ष : 55 | अंक : 1 | जनवरी 2024

**संपादक**
रमेश गुप्त नीरद

**चेयरमेन**
चंद्रप्रकाश मालपानी

**को-चेयरमेन**
राजकुमार एच. कोठारी

शब्द संयोजन : विवेक अग्रवाल

प्रकाशन एवं संपर्क कार्यालय :

**राजस्थानी एसोसिएशन तमिलनाडु**
गोल्डन कॉम्पलेक्स, चौथा माला,
128, एन.एस.सी. बोस रोड़,
साहुकारपेट, चेन्नई - 600079.
दूरभाष : 044-25360496, 25392438
E-mail : drp.rajasthaniassn@gmail.com
Website www.rajasthaniassntn.in


**इस अंक की विशेषता :**

**जहाँ-जहाँ यह चिह्न है उन पर आप क्लिक कर के वह वीडियो देख-सुन सकते हैं**



# मंगलमय नववर्ष

'बीता साल बिसार दें, आगे की सुधि लें।' यही कह सकते हैं नववर्ष के स्वागत में। नववर्ष अपने अंदर बहुत से गूढ़ अर्थ छिपाए आता है। पिछले वर्ष के कार्यों की विवेचना, आगामी वर्ष की योजना या शेष रह गए कार्यों, योजनाओं की पूर्ति नव उत्साह, नव उमंग के साथ। यह तो जीवन की सामान्य क्रिया से संबंधित है। किन्तु एक और सत्य है जिसकी ओर हमारा कम ही ध्यान पड़ता है - और वह है कुल उम्र की अवधि से एक वर्ष घटा।


**अब कुल उम्र क्या है, बेशक हमें यह मालूम नहीं, किंतु घटाव तो हुआ - यह सत्य है।**

अब कुल उम्र क्या है, बेशक हमें यह मालूम नहीं, किन्तु घटाव तो हुआ - यह सत्य है। इसका अर्थ यह नहीं कि हम उसके लिए रोना-धोना करें, क्योंकि रोने-धोने से आजकल कुछ नहीं मिलता। करें यह कि अपने जीवन को नेक कामों में लगाएँ - परहित में समाज, देश, परिवार में सहयोगी बनें। दूसरों पर दया दिखाना बंद कर उनका संबल बनने का प्रयास करें। यही जीवन की सार्थकता है और यही जीवन का लक्ष्य हो।

वर्ष आते-जाते रहते हैं। कुछ यादगार बन जाते हैं। उन यादगार वर्षों की स्मृतियों को संजोते हुए, उससे प्रेरणा लेते हुए वर्तमान वर्ष को उससे भी बेहतर, उससे भी ज्यादा मूल्यवान बनाने का संकल्प करते हुए कर्म-क्षेत्र में उतर जाएँ। यही नववर्ष संदेश है,

यही उसके आगमन का उद्देश्य।

राजस्थानी एसोसिएशन तमिलनाडु के सभी सदस्यों को नववर्ष की मंगल कामनाएँ। नववर्ष आपके परिवार, समाज, देश को खुशहाली, समृद्धि और शांति की सुगंधमय बयार से सुरभित रखे - यही हमारी ईश्वर से प्रार्थना है!



## भारत की नींव है कविताएँ
## और सत्य हमारी बातों में
## तभी कलम हमारी तीखी
## और साहित्य हमारे हाथों में..

श्रीराम की महत्ता और गुण को बताते ‘साइको शायर’ द्वारा रचित एवं अभिनीत यह खूबसूरत वायरल वीडियो देखने के लिए वीडियो पर क्लिक करें...





# राम की महत्ता

अवतारों में अवतार श्रीराम भारतीय संस्कृति का ऐसा आलोक-स्तम्भ है जिनका प्रकाश देश, समाज और परिवार को मर्यादा का पाठ पढ़ाता हुआ धर्म और संस्कृति की स्थापना करता है। इसलिए कहा गया है - 'जन-जन में राम, मन-मन में राम'।

'राम' शब्द के उच्चारण मात्र से मनुष्य इस संसार रूपी भव सागर से तर जाता है। इसीलिए भारतीयों में मनुष्य की अंतिम विदाई में 'राम नाम सत्य है' की गूँज गूँजती है। और वास्तव में सत्य तो राम ही हैं, बाकि सब मिथ्या है।

22 जनवरी 2024 को अयोध्या धाम में राम-प्रतिष्ठा होने का मंगल कार्य भारतीय इतिहास का स्वर्णिम पृष्ठ बनने जा रहा है। हम यद्यपि इस शुभकाल के साक्षी तो नहीं बन पा रहे, परंतु अपने हृदय की मंगल भावनाएँ, आकांक्षाएँ अवश्य अर्पित कर सकते हैं।

हे राम! हम भारतवासियों के मन को राष्ट्र धर्म के प्रकाश-पुंज से आलोकित कर सद्विचारों, परोपकार और सद्भावनाओं से परिपूर्ण कर सदैव जाग्रत रखो - यही प्रार्थना है।

**- संपादक**

# श्रीराम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा के आमंत्रण-पत्र वितरण की शुरुआत



प्रभु श्रीराम के नूतन विग्रह को, श्रीराम जन्मभूमि अयोध्या में बन रहे नवीन मंदिर के भूतल के गर्भगृह में विराजित कर प्राण प्रतिष्ठा का पावन अवसर, जो 22 जनवरी 2024 को संपन्न होने जा रहा है, एतदर्थ संस्था द्वारा अयोध्या से पूरे भारतवर्ष में नवीन मंदिर की छवि, आमंत्रण-पत्र, साथ ही पीले चावल हर परिवार में पहुँचाने के अभियान की शुरुआत पुरुषवाक्कम संघ चालक श्री चन्द्रप्रकाश मालपानी ने रजत के सदस्यों द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम से की।

इस कार्यक्रम में रजत के पदाधिकारी एवं सदस्य मय परिवार उपस्थित थे। कार्यक्रम में प्रभु श्रीराम के जयघोष के साथ सबसे अनुरोध किया गया कि इस पुनीत कार्य में अवश्व सहभागी बनें एवं गंगाजल की भांति आप भी इसमें वितरण सामग्री मिलाकर घर-घर में पहुँचाएँ।

श्री राधेश्याम मूँदड़ा को धन्यवाद एवं गीत-कविताओं के गायन के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ। रजत अध्यक्ष श्री मोहनलाल बजाज, चयनित अध्यक्ष श्री प्रवीण टाटिया, महामंत्री श्री देवराज आच्छा, सह-मंत्री श्री ज्ञानचंद कोठारी व सह-सचिव श्री अजय नाहर, श्री माहेश्वरी सभा अध्यक्ष श्री अशोक मूँधड़ा आदि पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद थे। □

# रजत द्वारा प्रभु श्रीराम मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा हेतु भव्य भक्ति संध्या




अयोध्या धाम में प्रभु श्रीराम मन्दिर प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव 22 जनवरी 2024 को होने जा रहा है। इस उपलक्ष में भव्य भक्ति संध्या का आयोजन राजस्थानी एसोसिएशन तमिलनाडु द्वारा 'एक शाम प्रभु श्रीराम के नाम' 17 जनवरी 2024, बुधवार को सायं 5 बजे से रात्रि 10 बजे तक साहुकारपेट, कोतवालचावडी में स्थित श्री कन्यका परमेश्वरी आर्ट्स व साइंस कॉलेज में होने जा रहा है।

कार्यक्रम की तैयारी के लिए रजत कार्यालय में मीटिंग बुलाई गई। अध्यक्ष श्री मोहनलाल बजाज ने सभी का स्वागत किया। भक्ति संध्या चेयरमैन श्री हंसराज पुरोहित व सह-चेयरमैन श्री जीतू लोहार ने बताया कि राजस्थान के लोकप्रिय भजन सम्राट श्री प्रकाश माली एण्ड पार्टी बालोतरा के कलाकारों द्वारा भव्य भक्ति संध्या में प्रस्तुति देंगे। चयनित अध्यक्ष श्री प्रवीण टाटिया, महासचिव श्री देवराज आच्छा, सह-सचिव श्री अजय नाहर आदि ने अपने सुझाव दिये। मीटिंग में श्री महेंद्र कुंकुलोल, श्री मालाराम प्रजापत, श्री गोकुल सुथार, श्री पारस प्रजापत, श्री नरपतसिंह राजपुरोहित आदि सदस्य उपस्थित रहे। सह-सचिव श्री ज्ञानचंद कोठारी ने धन्यवाद ज्ञापन किया। □

# 'राजस्थान श्री' अवार्ड घोषित
## समारोह 21 जनवरी को म्यूजिक अकादमी में

रजत की कार्य समिति ने अवार्ड कमेटी की अनुशंसा पर निम्न महानुभावों को विभिन्न क्षेत्रों में उनकी सेवाओं के प्रति प्रमोद भावना व्यक्त करते हुए 'राजस्थान श्री' अलंकरण से विभूषित करने का निर्णय लिया है।



**श्री मंगलचंद तातेड़**
समाज सेवा



**श्री रिखबचंद बोहरा**
समाज सेवा



**श्री जी.एस. राठी**
उद्योग व व्यापार



**श्री दिलीप धींग**
साहित्य

21 जनवरी 2024 को म्यूजिक अकादमी के प्रांगण में आयोजित होने वाले विशिष्ट अलंकरण समारोह में इन महानुभावों को 'राजस्थान श्री' से सम्मानित किया जाएगा।

# राजस्थानी एसोसिएशन तमिलनाडु द्वारा
# मेगा स्वास्थ्य जाँच शिविर संपन्न




राजस्थानी एसोसिएशन तमिलनाडु द्वारा 3 दिसम्बर 2023, रविवार को पट्टालम स्थित शांतिनाथ भवन में दंत चिकित्सा, नेत्र चिकित्सा व डायबिटीज चेक अप कैंप का आयोजन किया गया।

दंत विशेषज्ञ एवं तमिलनाडु गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज के एमिरटस प्रोफेसर के.एस. नाजर व उनके डाक्टरों की टीम द्वारा 74 लोगों के दाँतों का इलाज किया गया।

जैन मेडिकल सोसाइटी द्वारा संचालित भगवान महावीर आई हॉस्पिटल, रायपुरम की टीम द्वारा 96 लोगों की आंखों की जाँच की गई जिसमें से 70 लोगों को चश्मा बनाकर दिए जाएँगे, साथ ही पाँच लोगों का मोतियाबिंद ऑपरेशन करवाया जाएगा। सुवा देवी नाहर डायबीटिक हॉस्पिटल, कोडम्बाकम द्वारा 74 लोगों की उच्च रक्तचाप व मधुमेह जाँच की गई व परामर्श दिया गया।

अध्यक्ष श्री मोहनलाल बजाज ने सभी का स्वागत किया। स्वास्थ्य समिति के चेयरमेन श्री श्रीपाल कोठारी ने चिकित्सा शिविर के बारे में विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की। सभी डॉक्टरों का सम्मान शाल व स्मृति चिह्न से किया गया। कार्यक्रम का संचालन संयुक्त सचिव श्री ज्ञानचंद कोठारी ने किया। सह सचिव श्री अजय नाहर ने धन्यवाद ज्ञापन किया। ☐

# एलगिरी में रजत का
# राज्य परिषद अधिवेशन संपन्न




''राजस्थानी एसोसिएशन तमिलनाडु के माध्यम से राजस्थानी समाज ने सेवा के कीर्तिमान स्थापित किए हैं। तत्कालीन मुख्यमंत्री माननीय अन्नादुरई के कर कमलों से स्थापित आपकी यह एसोसिएशन स्थानीय समाज के साथ तालमेल के साथ सेवा कार्य कर रही है तदर्थ बहुत-बहुत बधाई'' ये उद्गार व्यक्त किए तमिलनाडु विधानसभा के जोलारपेट श्रेत्र के विधायक श्री के. देवराज ने।

श्री के. देवराज 17 दिसंबर 2023 की प्रातः 10:00 बजे येलगिरी की सुरम्य वादियों में स्थित होटल हिल्स के प्रांगण में आयोजित रजत के राज्य परिषद अधिवेशन में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे।

प्रारंभ में प्रार्थना एवं तमिल ताय वालत्तु के पश्चात रजत अध्यक्ष श्री मोहनलाल बजाज ने उपस्थित सदस्यों का स्वागत करते हुए कहा कि राजस्थानी एसोसिएशन तमिलनाडु सदैव राजस्थानी समाज को एकजुट कर सामाजिक हितों की सुरक्षा के लिए तत्पर है।

राज्य परिषद चेयरमन रजत के निवर्तमान अध्यक्ष श्री लिकमीचंद सिंघवी ने राज्य परिषद की गतिविधियों के बारे में जानकारी दी। रजत के महासचिव श्री देवराज आच्छा ने रजत

की गतिविधियों एवं सेवा कार्य की जानकारी प्रस्तुत की। राज्य परिषद संयोजक श्री जयंतीलाल तेलीसरा ने राज्य परिषद के उद्देश्यों के बारे में बताया।

श्री मरुधर केसरी जैन ट्रस्ट के पदाधिकारियों का अभिनंदन किया गया। सहमंत्री श्री ज्ञानचंद कोठारी ने कुशल संचालन किया।

अधिवेशन के दूसरे चरण में रजत के कांचीपुरम व सीरकाली चैप्टर के पदाधिकारी ने प्रस्तुति दी। रजत के सह मंत्री श्री अजय नाहर ने धन्यवाद प्रस्ताव पेश किया। 2 दिन चले इस कार्यक्रम में करीब 125 व्यक्तियों ने भाग लिया। चेन्नई के अलावा कांचीपुरम, चेंगलपेट, सिरकाली, वनियामबाड़ी, चिदम्बरम, काटमनार कोविल आदि जगहों से भी सदस्य उपस्थित रहे।

प्रथम दिन रात्रि में कवि सम्मेलन व सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया, श्री  राधेश्याम मुंदड़ा ने योग प्रशिक्षण दिया जिसका सभी प्रतिभागियों ने आनंद लिया। मरुधर केसरी कॉलेज के तमिल विभाग रिसर्च के डिपार्मेंट हेड श्री बालसुब्रमण्यम ने लाइफ इस ब्यूटीफुल पर सुंदर प्रस्तुति दी।

श्री मरुधर केसरी जैन ट्रस्ट वानियम्बाडी के पदाधिकारियों ने जोलारपेट स्टेशन से लेकर येलगिरी जाकर पुनः जोलारपेट से रवाना होने तक सारी व्यवस्थाओं को सुव्यवस्थित रूप से संपादित किया व सुंदर आतिथ्य प्रदान किया। पूरे कार्यक्रम में सर्व श्री लखमीचंद सिंघवी, जयंतीलाल तेलीसरा, प्रवीण टाटिया, अजय नाहर, ज्ञानचंद कोठारी, राधेश्याम मुंदड़ा गोविंद मूंदड़ा, महेन्द्र कुंकुलोल, गौतमचंद डागा, गीरी बागड़ी, अजीत नागोरी, राजेंद्र बेताला, कांता बिसानी आदि का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

सबसे महत्वपूर्ण बात यह बताई कि - खुद पर भरोसा रखें। कार्यशाला में कई बहनों ने अपने विचार व्यक्त किए। □

# रजत द्वारा 'माँ' की महत्ता पर सांस्कृतिक कार्यक्रम संपन्न




'उसको नहीं देखा हमने कभी, पर इसकी जरूरत क्या होगी,
ऐ माँ तेरी सूरत से अलग भगवान की सूरत क्या होगी'

'माँ' की थीम पर राजस्थानी एसोसिएशन तमिलनाडु द्वारा आयोजित भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम में टी.जे.वी. साहूकारपेट के विद्यार्थियों ने उपरोक्त गीत पर 'माँ' के सम्मान में नृत्य करते हुए भव्य प्रस्तुति दी।

इस कार्यक्रम में 10 स्कूल के छात्र-छात्राओं ने प्रस्तुति दी एवं माहौल को भावपूर्ण बना दिया। जैसे - हाथों से माँ जी भर लाड लडावे - सनातन धर्म मैट्रिकुलेशन सेकेंडरी स्कूल; तू कितनी अच्छी है तू कितनी भोली है ओ माँ - श्री कन्हैयालाल अग्रवाल बाल निकेतन; देखी जबसे दुनिया तेरी ममता ही पाई माँ यह जीवन तुम बिन सूना तेरे कदमों में जन्नत है माँ - गणेशीबाई गेलडा जैन गर्ल्स स्कूल; जब चोट मुझे लग जाती थी तो आँखें तेरी भर आती थी - बीसीएस जैन हायर सेकेंडरी स्कूल; तमिल गीत पर नृत्य मोतीलाल फोमरा सनातन धर्म हायर सेकेंडरी स्कूल; खुशियों का दिन आया है जो मांगा वह पाया है आज मुझे मेरी माँ ने बेटा बुलाया है - महावीर राजस्थानी इंटरनेशनल स्कूल; चंदा है तू मेरा सूरज है तू मेरी आँखों का तारा है तू - अग्रवाल विद्यालय जूनियर

कॉलेज; मैं कभी बतलाता नहीं अंधेरे से डरता हूँ माँ यूँ तो दिखलाता नहीं तेरी परवाह करता हूँ माँ - जी के जैन हायर सेकेंडरी स्कूल रायपुरम; ले लो दुआएँ माँ-बाप की सर से उतरेगी गठरी पाप की - कोला सरस्वती वैष्णव सीनियर सेकेंडरी स्कूल।

इन सभी स्कूलों के विद्यार्थियों ने उपरोक्त गीतों पर भावपूर्ण नृत्य प्रस्तुत कर दर्शकों को भावपूर्ण कर दिया। इससे पूर्व पदाधिकारियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन के पश्चात राजस्थानी एसोसिएशन की प्रार्थना एवं तमिल ताय वालत्तु का संगान करते हुए कार्यक्रम प्रारंभ हुआ।

रजत अध्यक्ष श्री मोहनलाल बजाज ने उपस्थित महानुभावों एवं कलाकारों का स्वागत करते हुए सांस्कृतिक समिति के सभी सदस्यों की भूरी-भूरी प्रशंसा की एवं उनके श्रम को नमन किया। महासचिव श्री देवराज आच्छा ने रजत की गतिविधियों की जानकारी दी। सह-सचिव श्री ज्ञानचंद कोठारी ने क्रमशः सभी स्कूलों के पदाधिकारियों को आमंत्रित कर अध्यक्ष महोदय, महासचिव, उपाध्यक्ष विजय गोयल, कोषाध्यक्ष श्री गौतमचंद डागा, पूर्व अध्यक्ष श्री चंद्रप्रकाश मालपानी, अनुकंपा समिति के चेयरमैन श्री रिखबचंद बोहरा द्वारा उनका सम्मान-स्मृति-चिन्ह प्रदान किया गया।

रजत सांस्कृतिक समिति के चेयरमैन श्री राधेश्याम मूंदड़ा व को-चेयरमैन श्री गोविंद मूंदड़ा ने संयुक्त रूप से सभी विद्यार्थियों, स्कूलों के प्रबंधन, कार्यकर्ताओं व श्रोताओं का आभार ज्ञापित किया। कार्यक्रम का कुशल संचालन सह मंत्री श्री अजय नाहर ने किया। आतिथ्य समिति के चेयरमैन श्री शांतिलाल कांकरिया, को-चेयरमैन श्री महेंद्र कुंकुलोल व समिति के सदस्यों ने स्वादिष्ट अल्पाहार की सुंदर व्यवस्था कर कार्यक्रम में चार चाँद लगा दिए। □



रजत द्वारा 3 दिसम्बर 2023 को आयोजित मेगा हेल्थ केम्प के 70 जरूरतमंद व्यक्तियों को चश्मे 19 दिसम्बर 2023 को शांतिनाथ भवन पट्टालम में अध्यक्ष श्री मोहनलाल बजाज, महासचिव श्री देवराज आच्छा, सह-सचिव श्री ज्ञानचंद कोठारी ने वितरण किए। □

# बधाई एवं अभिनंदन



7 दिसम्बर 2023 को नगर के टी.नगर क्षेत्र में स्थित श्री वेंकटेशवरा मंदिर में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में टीटीडी अध्यक्ष श्री भुमना करूणाकर रेड्डी ने रजत सदस्य श्री एम. राजेन्द्रकुमार कोठारी को दूसरी बार दो वर्ष के लिए टीटीडी के स्थानीय सलाहकार मंडल में सदस्य के रूप में शपथ दिलाई। रजत द्वारा हार्दिक बधाई एवं अभिनंदन! □

# गणगौर का 'कपल कार्यक्रम' संपन्न



राजस्थानी एशोसिएशन तमिलनाडु की महिला विंग गणगौर द्वारा 7 जनवरी 2024 को ईसीआर रोड स्थित श्रीमती हाउस, उतांडी में कपल कार्यक्रम का आयोजन हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न हुआ।

गणगौर के 85 तथा रजत के 4 सदस्य शामिल इसमें हुए। रजत अध्यक्ष श्री मोहनलाल बजाज, महासचिव श्री देवराज आच्छा अपनी श्रीमती सहित शामिल हुए। कार्यक्रम की मनोरंजन संचालिका श्रीमती पायल तातेड थी। सभी कपल्स ने कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। सभी सदस्यों ने 'येले सापाड' व हाय टी का लुफ्त उठाया।

गणगौर की चेयरपर्सन श्रीमती कांता बीसानी व को-चेयरपर्सन श्रीमती रेखा सिंघी, पूर्व अध्यक्षा श्रीमती शालिनी अग्रवाल, कमेटी की सदस्या श्रीमती ममता अग्रवाल, श्रीमती प्रीति गुप्ता, श्रीमती मधु तुल्सयान, श्रीमती सीमा सिंघवी, श्रीमती सपना गुप्ता, श्रीमती संगीता बिसानी, श्रीमती निहारिका राठी, श्रीमती शिखा जैन, श्रीमती प्रियंका जैन एवं श्रीमती नमिता जायसवाल ने सक्रियता से अपनी साझेदारी निभाकर कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। □

# प्रवीण टाटिया अध्यक्ष चुने गए

राजस्थानी एसोसिएशन तमिलनाडु द्वारा संचालित राजस्थानी एजुकेशनल फाउंडेशन एवं महावीर राजस्थानी इंटरनेशनल स्कूल के हाल ही आयोजित गवर्निंग काउंसिल मीटिंग में वर्ष 2023-2026 (तीन साल) के लिए नए पदाधिकारियों का चुनाव किया गया।

श्री प्रवीण टाटिया - अध्यक्ष, श्री नरेन्द्र श्रीश्रीमाल एवं श्री शांतिलाल एस. जैन - उपाध्यक्ष, एम. गौतमचंद बोहरा - सचिव, श्री अनिल खीचा एवं श्री दिलीप चंदन - सह सचिव, श्री मनीष मरडिया - कोषाध्यक्ष एवं श्री गौतम नाहर - सह कोषाध्यक्ष मनोनीत किए गए।

इसके अलावा 44 सदस्यों की गवर्निंग काउंसिल का भी चयन किया गया। अध्यक्ष श्री शिवकुमार गोयन्का ने स्वागत भाषण दिया। सचिव श्री प्रवीण टाटिया ने गतिविधियों का विवरण दिया। □

# रजत की पाँचवीं कार्यकारिणी समिति की बैठक में अनुमोदित सदस्य

## नए संरक्षक सदस्य

**श्री एम. रिखबचंद बोहरा जैन**, 22/2, वेंगीश्वरर नगर, पहला मेन रोड, वडपलनी, चेन्नई-26. मो: 9444285393

## नए आजीवन सदस्य

**श्री दिनेश कुमार एस.**, 1/2, तुलसिंगम स्ट्रीट, गुरुदेव काम्पलेक्स, दूसरा माला, साहुकारपेट, चेन्नई - 79. मो: 9940262323

**श्री भरत कुमार एम.**, 130/27, एन.एस.सी. बोस रोड, धनलक्ष्मी काम्पलेक्स, साहुकारपेट, चेन्नई - 600003. मो: 8825691800


RAJASTHANI ASSOCIATION TAMILNADU
CHENNAI
EVERY COUNTRY IS MY COUNTRY. EVERY MAN IS MY KINSMAN
राजस्थानी एसोसिएशन तमिलनाडु द्वारा
एक शाम प्रभु श्रीराम के नाम
दि. 17 जनवरी 2024, बुधवार
सायं 5 बजे से रात्रि 10 बजे तक
जय श्रीराम
मर्यादा पुरूषोत्तम भगवान श्रीराम के भव्य मंदिर की
प्राण-प्रतिष्ठा के ऐतिहासिक अवसर के उपलक्ष पर
भव्य भक्ति संध्या में आप सभी सपरिवार सादर आमंत्रित है।
जय श्रीराम
अयोध्या धाम में प्रभु श्रीराम मन्दिर प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव दि.22.01.2024 सोमवार
राजस्थान के लोकप्रिय भजन सम्राट
श्री प्रकाश माली एण्ड पार्टी बालोतरा
शुभ स्थल
श्री कन्यका परमेश्वरी आर्ट्स कॉलेज
1, Audiappa Naicken St,
Kotwal Chavadi, Chennai - 01
भव्य भक्ति संध्या को लाईव देखने के लिए चैनल को सब्स्क्राईब करें।
matrubhumistudio YOUTUBE
अध्यक्ष
मोहनलाल बजाज
चयनित अध्यक्ष
प्रवीण टाटिया
महासचिव
देवराज आछा
कोषाध्यक्ष
गौतमचंद डागा
समारोह चेयरमेन
हंसराज राजपुरोहित
समारोह उप चेयरमेन
जितु लोहार
मातृभूमि चेन्नई मो. 9840109774, 9840788206

# महावीर इंटरनेशनल चेन्नई मेट्रो द्वारा नि:शुल्क जाँच शिविर



## 3 दिसम्बर 2023

**पुरुषवाक्कम** - 43 लोगों की आँखों की जाँच, 26 लोगों की रक्तचाप व मधुमेह जाँच की गई।

**अम्बत्तूर** - 102 लोगों की आँखों की जाँच, 47 लोगों की रक्तचाप व मधुमेह जाँच की गई।

## 10 दिसम्बर 2023

**पडपाई** - 75 लोगों की आँखों की जाँच, 25 लोगों की रक्तचाप व मधुमेह जाँच की गई।

**तांबरम** - 65 लोगों की आँखों की जाँच, 25 लोगों की रक्तचाप व मधुमेह जाँच की गई।

## 14 दिसम्बर 2023

**टोंडियारपेट** - 74 लोगों की आँखों की जाँच, 29 लोगों की रक्तचाप व मधुमेह जाँच की गई।

## 17 दिसम्बर 2023

**पल्लावरम** - 180 लोगों की आँखों की जाँच, 137 लोगों की रक्तचाप व मधुमेह जाँच की गई।

### 22 दिसम्बर 2023

**वेलचेरी** - 75 लोगों की आँखों की जाँच, 49 लोगों की रक्तचाप व मधुमेह जाँच की गई।

### 27 दिसम्बर 2023

**चेंगलपेट** - 115 लोगों की आँखों की जाँच, 36 लोगों की रक्तचाप व मधुमेह जाँच की गई।

---

## महावीर इंटरनेशनल चेन्नई नार्थ टाउन द्वारा नववर्ष के उपलक्ष्य अन्नदान



महावीर इंटरनेशनल चेन्नई नार्थ टाउन द्वारा 31 दिसम्बर 2023 को नववर्ष के उपलक्ष्य में रजत धर्मशाला, अडयार कैंसर इंस्टीट्यूट में दोपहर का भोजन करवाया गया।

करीब 100 कैंसर पीड़ित मरीजों व उनके परिचारकों को रीजत 10 के मीडिया व पब्लिसिटी डिप्टी डायरेक्टर श्री महावीर सबदडा, चेयरमेन श्री दिलखुश धोका, सलाहकार श्री गौतमचंद मुथा, गवर्निंग काउंसिल सदस्य श्री ज्ञानचंद कोठारी, वाइस चेयरमेन श्री शांतिलाल चौधरी, कोषाध्यक्ष श्री बुधप्रकाश डोशी आदि ने अन्नदान में सेवाएँ प्रदान की। □

# भगवान महावीर फाउंडेशन द्वारा
# 26वाँ महावीर पुरस्कार प्रस्तुति




चेन्नई में 23 नवम्बर 2023 को राजभवन के भारथियार मंडपम में 26वाँ महावीर पुरस्कार प्रस्तुति समारोह में विजेताओं को पुरस्कार से सम्मानित किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि राज्यपाल श्री आर एन रवि थे। उन्होंने पुरस्कार प्रदान किए। पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त श्री टी एस कृष्णमूर्ति ने भी समारोह की अध्यक्षता की। भगवान महावीर फाउंडेशन चार श्रेणियों में उत्कृष्टता के लिए प्रतिष्ठित वार्षिक महावीर पुरस्कार प्रदान करता है। प्रत्येक पुरस्कार में 10 लाख रुपये की नकद राशि, एक स्मृति चिह्न और एक प्रशस्ति-पत्र दिया जाता है। □



महावीर इंटरनेशनल चेन्नई मेट्रो द्वारा अपेक्स से प्राप्त छतरी को पुलियांतोप में पगडंडी पर एक नारियल विक्रेता को चेयरमैन श्री ज्ञानचंद कोठारी, सचिव श्री दिलीप मेहता ने प्रदान किया। □

## मदुरै तेरापंथ महिला मंडल द्वारा

# माँ का दिशा बोध बेटी की उड़ान




अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल के निर्देशानुसार तेरापंथ महिला मंडल मदुरै द्वारा 'मां का दिशा निर्देश बेटी की उड़ान' कार्यशाला का आयोजन स्थानीय तेरापंथ भवन में 11 दिसम्बर 2023 को किया गया।

कार्यक्रम में 9 माँ-बेटी की जोड़ियों ने भाग लिया। सभी ने अपने-अपने ढंग से अपने भावों की प्रस्तुति दी। मां बेटी का रिश्ता दुनिया में सबसे अनमोल रिश्ता है। दुनिया में बच्चे के लिए सर्वप्रथम माँ गुरु होती है और वहीं से संस्कारों का सिलसिला शुरू होता है। अगर एक माँ अपनी बेटी को सही दिशा की ओर ले जाती है तो बेटी निश्चित ही ऊँची उड़ान भरती है। माँ-बेटी की जोड़ी ने मिलकर बहुत ही आधुनिक तरीके से माँ-बेटी के रिश्ते को दर्शाया। कन्या मंडल प्रभारी दीपिका फुलफगर ने कुशल संचालन और निर्णायक की भूमिका निभाई। माँ-बेटी की बॉन्डिंग और गेम्स के माध्यम से परखा गया। □




# पत्रिका प्रकाशन के सहयोगार्थ

# विज्ञापन आमंत्रित हैं

**दक्षिण राजस्थानी पोस्ट का हर अंक लगभग 5000 पाठकों को प्रति माह भेजा जा रहा है। अपनी संस्था, व्यवसाय के विज्ञापन देकर लाभ उठाएँ व सहयोग दें।**

---

## पूरे पृष्ठ का विज्ञापन शुल्क ₹5000 प्रति अंक

---

संपर्क करें :

**चंद्रप्रकाश मालपानी**
चेयरमेन DRP
98408 38035

**देवराज आच्छा**
महामंत्री - रजत
94442 65162